दिनांक–17.06.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी 30 जून को करेंगे मन की बात।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा–हरियाली अमावस्या तक रौपे जाएंगे 5 करोड़ पौधे।
- आज मनाया जा रहा है ईद उल अजहा का पर्व।
- प्रदेश में मॉनसून पूर्व गतिविधियां हुई तेज, कई जिलों में सुबह से हो रही बारिश।

पीएम– मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह पहला मन की बात कार्यक्रम होगा। श्रोता टोल फ्री नंबर 18 00–11–78 00 के माध्यम से कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। यह आकाशवाणी समाचार, डी.डी.न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम प्रादेशिक भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।

गंगा दशमी–प्रदेश

वर्षाकाल में हरियाली अमावस्या तक प्रदेश में कुल साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल गंगा दशमी के अवसर पर कहीं। वे दो दिवसीय शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के समापन अवसर पर उज्जैन के रामघाट पर आयोजित समारोह में अपनी बात रख रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरचनाओं के संरक्षण का संकल्प साकार हो रहा है। हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश की नदियां एवं जलाशय और अन्य जल स्त्रोत संरक्षित होकर प्रदूषणमुक्त रहें। प्रदेश में चले जल गंगा संवर्धन अभियान में 5 जून से अब तक 28 करोड़ लागत से शहरी क्षेत्र में 2700 से अधिक एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 26 करोड़ रुपये लागत से 2300 से अधिक संरचनाओं का निर्माण एवं जीर्णोद्धार हुआ है। उज्जैन के शहरी क्षेत्र की जल संरचना का भी सुधार कार्य हुआ है। प्रदेश में 212 नदियों का संरक्षण करने का संकल्प लिया गया है, जिसमें उद्गम से लेकर अन्तिम छोर तक संरक्षण का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि उज्जैन का सिंहस्थ विश्व में अपना स्थान रखता है।

माहवारी स्वच्छता–अनूपपुर

अनूपपुर जिले में ग्रामीण एवं शहरी अंचल की महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के संबंध में जागरूक करने को लेकर प्रणाम युवा संघ द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

ईद–उल–अजहा–प्रदेश

ईद–उल–अजहा यानी बकरीद आज मनायी जा रही है। इस अवसर पर ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जा रही है। भोपाल की ताजुल सहित कई मस्जिदों में नमाज हो रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि ईद–उल–अजहा का त्योहार त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यह प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्‌भाव का संदेश देता है और लोगों को मानवता की निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह त्योहार साथ मिल–जुलकर रहने और खुशियां साझा करने की प्रेरणा देता है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए ईद–उल–अजहा का त्योहार परम्परानुसार आपसी सौहार्द्र, शांति और समरसता के साथ मनाने की अपील की है।

मौसम

राज्य में प्री मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं। राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में आज सुबह से ही गरज–चमक के साथ तेज बारिश हो रही है। कल भी कई जिलों में पानी गिरा, वहीं कई जगहों पर तेज आंधी तूफान चला और बूंदाबांदी हुई। उधर, सतना जिले का चित्रकूट सबसे गर्म रहा, यहां अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। कई जिलों में लू भी चल सकती है, वहीं, कुछ जिलों में गर्म रात रहने की चेतावनी जारी की गई है। गुना, मऊगंज, सतना, निवाड़ी, मैहर, शिवपुरी, ग्वालियर, सीधी, रीवा, उमरिया, छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर, पांढुर्णा, अनूपपुर, शहडोल और डिंडोरी जिलों में बारिश हो सकती है।

जल गंगा संवर्धन अभियान–प्रदेश

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सिंगरौली जिले में जल संरक्षण के कई कार्य किये जा रहे हैं। नगर निगम सिंगरौली में सभी कुएं, तालाबों को साफ और स्वच्छ करने के लिए घाट सुधार, गाद निकासी की जा रही है। नगरीय सीमा में बहने वाली कंचन और मयार नदी की सफाई की जा रही है। जिला पंचायत सिंगरौली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी 316 ग्राम पंचायत में क्लस्टर एप्रोच में चिन्हित संरचनाओं के कार्य लिए गए हैं।

4 हजार से अधिक जल संरचनाओं की पूर्णता के कार्य किये जा रहे हैं। ग्रामों के पुराने तालाबों के जीर्णोधार के 180 से अधिक कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिले में जल संरचनाओं के संरक्षण का महत्व कार्य निरंतर हो रहा है।

शिवपुरी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सैंकड़ों जलसंरचनाओं का जीर्णोद्धार, गहरीकरण, साफ सफाई का काम सफलतापूर्वक किया गया है। मुरैना जिले में 900 संरचनाओं का संरक्षण कर संवर्द्धन किये जाने के साथ ही वर्षा काल के दौरान 5 लाख पौधों का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उधर, झाबुआ में विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए जन सहयोग से एक दिन में 20 लाख से अधिक सीड बॉल्स का रोपण करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया गया है। खंडवा जिले में विशाल गंगा आरती एवं सामूहिक शपथ के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान समापन हो गया है।

उपुचनाव–विजयपुर

प्रदेश के श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में निकट भविष्य में उपचुनाव होना नियत है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 6 सदस्यीय समिति का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया है कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, राज्यसभा सांसद एवं कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, विधायक फूलसिंह बरैया, विधायक दिनेश गुर्जर और लोकसभा प्रत्याशी मुरैना सत्यपालसिंह सिकरवार को समिति में शामिल किया गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- – मंदसौर में आज निर्जला एकादशी के मौके पर लक्ष्मण मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचेगे। यहां पर भगवान का फूलों से नयनाभिराम श्रृंगार किया जाएगा।
- – श्योपुर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने कल विजयपुर आईटीआई कॉलेज में युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के तहत विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण लेकर युवा रोजगार एवं स्वरोजगार हासिल कर सकते हैं।
- – लोकसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते का कल डिण्डौरी आगमन हुआ, जहां उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया।
- –प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कल अमरकंटक में कहा है कि जल स्रोतों का संरक्षण कर हम आने वाली पीढ़ी को धरोहर संजोकर दे रहे हैं।
- – सतना जिले में कल 'स्व–सहायता समूह की दीदियों ने टमस नदी में चुनरी उढ़ाई गई। इस दौरान नदी में 2 हजार घन मीटर गाद निकाली गई।

- – केन्द्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सावित्री ठाकुर ने कल धार में कहा कि नागरिक पर्यावरण बचाव को लेकर संकल्प लें और अपने बच्चों के जन्मदिन, पितरों की पुण्यतिथि के दिन एक पौधा अवश्य लगाएंगे।

———————————————————